# व्हेल

## कोमल दैत्य



जॉयस मिल्टन

चित्र: एल्टन लैंगफोर्ड

# व्हेल

## कोमल दैत्य

जॉयस मिल्टन

चित्र: एल्टन लैंगफोर्ड



सैकड़ों साल पहले

लोग समुद्री राक्षसों में यकीन करते थे.

वे सभी प्रकार के समुद्री राक्षसों

में विश्वास करते थे.

ब्रेंडन नाम के एक व्यक्ति के बारे में

एक कहानी सुनाई जाती थी.

ब्रेंडन और उसके दोस्त

एक छोटी नाव में समुद्र में गए.

वे आगे बढ़ते गए.

लेकिन जल्द ही वे खो गए.

आखिरकार उन्हें

एक द्वीप दिखाई दिया,

"हम बच गए!"

ब्रेंडन चिल्लाया.

"चलो वहां उतरेंगे

और ईश्वर को धन्यवाद देंगे."

ब्रेंडन और उसके दोस्त

प्रार्थना कर रहे थे.

अचानक द्वीप हिलने लगा.

द्वीप जीवित था!

क्या वह कोई समुद्री राक्षस था?

नहीं!

वे लोग एक व्हेल की पीठ पर खड़े थे!

वे इतने डर गए कि

वे वापस अपनी नाव में कूद गए.

और फिर जितनी तेज़ी से बना

वहां से भाग गए.

क्या यह एक सच्ची कहानी है?

शायद नहीं.

लेकिन कुछ व्हेलें

छोटे द्वीपों जितनी बड़ी होती हैं.

ब्लू व्हेल, व्हेलों में सबसे बड़ी होती है.

ब्लू व्हेल दुनिया का

सबसे बड़ा जीव है.

एक शिशु ब्लू व्हेल

हाथी से भी बड़ा होता है.



लगभग पचहत्तर प्रकार

की व्हेल होती हैं.

स्पर्म व्हेल का सिर

बहुत बड़ा होता है.

नर नरव्हल का एक लंबा,

मुड़ा हुआ दांत होता है.

कभी-कभी यह दांत

दस फीट लंबा होता है!

पिग्मी स्पर्म व्हेल

सबसे छोटी व्हेलों में से एक होती है.

वो लगभग एक डोंगी के आकार की होती है.

वो फिर भी काफी बड़ी होती है!



लोग व्हेल को एक प्रकार की

मछली मानते थे.

लेकिन व्हेल, मछली नहीं होती है.

व्हेल हर समय पानी के नीचे नहीं रह सकती है.

व्हेल अपने सिर में बने

एक छेद से साँस लेती है.

इसे ब्लोहोल कहते हैं.

जब व्हेल गोता लगाती है,

तो वह अपनी साँस रोक लेती है.

जब वह ऊपर आती है, तो साँस छोड़ती है.

फिर उसके ब्लोहोल से

स्प्रे का एक बड़ा फव्वारा निकलता है.

फव्वारा हवा में काफी ऊँचाई तक उठता है.

व्हेल एक स्तनपायी जीव है.

बिल्कुल कुत्ते की तरह.

बिल्कुल बिल्ली की तरह.

बिल्कुल आप और मेरी तरह!

एक शिशु स्तनपायी अपनी माँ के

शरीर के अंदर बढ़ता है.

यह शिशु ग्रे व्हेल

अभी-अभी पैदा हुआ है.

उसकी माँ और एक अन्य व्हेल बच्चे को

जल्दी से पानी की सतह पर धकेलती हैं.

वे छोटे व्हेल बच्चे की

हवा में पहली साँस लेने में

मदद कर रही हैं.

शिशु व्हेल को बछड़ा कहते हैं.

वो अपनी माँ का दूध पीता है

ठीक वैसे ही जैसे एक

इंसान का बच्चा दूध पीता है.

उसका वज़न लगभग

2,000 पाउंड होता है.

लेकिन अपनी माँ के लिए

वह अभी भी उसका छोटा बच्चा है.

आमतौर पर व्हेल कोमल होती हैं.

लेकिन हमेशा नहीं.

माँ ग्रे व्हेल

उस हर चीज़ से लड़ती हैं

जो उसके बच्चे को चोट

पहुँचाने की कोशिश करती है.

व्हेल का बच्चा

अभी बहुत तेज़ तैर नहीं सकता है.

एक बड़ी, भूखी शार्क उसे देख रही है.

वह हमला करने के मौके की

ताक में है.



लेकिन माँ व्हेल भी

नज़र टिकाए हुए है.



जब वह शार्क को देखती है,

तो वह सीधे उस पर झपट पड़ती है.

अन्य व्हेल मदद के लिए आती हैं.

वे शार्क और बच्चे के बीच तैरती हैं.

वे शार्क के हमले के लिए बहुत बड़ी हैं.

शार्क ज़्यादा चालाक नहीं होती हैं.

जल्द ही सब कुछ गड़बड़ हो जाता है.

वह हार मान लेती है

और तैरकर दूर चली जाती है.

अब बछड़ा सुरक्षित है.



पूरी सर्दियों में

नन्ही ग्रे व्हेल मेक्सिको के तट के पास

गर्म पानी में तैरती और खेलती रहती है.

लेकिन जब बसंत आता है,

तो ग्रे व्हेल सक्रिय हो जाती हैं.

वे ठंडे आर्कटिक पानी तक तैरती हैं.

यहाँ तक कि छोटी व्हेल भी

वो लंबी यात्रा करती है.





वे दिन-रात तैरती हैं.

लेकिन कभी-कभी व्हेल थक भी जाती है.

जब व्हेल को नींद आती है,

तो वे पानी के ऊपर लेट जाती हैं

और झपकी लेती हैं.

अपनी लंबी यात्रा के बाद

ग्रे व्हेल बहुत भूखी होती हैं.

उस समय ठंडा पानी

उनके पसंदीदा भोजन से भरा होता है -

छोटे समुद्री जीवों से,

इतने छोटे जीव कि आप सोच भी नहीं सकते

कि वे व्हेल का कैसे पेट भर सकते होंगे.

लेकिन व्हेल उन्हें खाती हैं.

व्हेल अपना मुँह चौड़ा खोलती हैं.

वे ढेर सारा पानी मुँह में अंदर खींचती हैं.

और साथ में ढेर सारे छोटे समुद्री जीव भी.



कई व्हेलों की तरह,

ग्रे व्हेल के भी दाँत नहीं होते.

उसकी बजाए, उसके पास बेलीन होती है.

बेलीन लंबी पट्टियों में उगती है.

वो एक बड़ी छलनी की तरह काम करती है.

जब व्हेल मुँह भर पानी थूकती है,

तो कई छोटे समुद्री जीव

बेलीन की छलनी में फँस जाते हैं.

वे व्हेल का भोजन बन जाते हैं.

लोगों को हमेशा से यह नहीं पता था

कि व्हेल आवाज़ें निकालती हैं.

पनडुब्बियों के नाविक समुद्र में

अजीब-अजीब आवाज़ें सुनते थे:

क्लिक-क्लिक! क्रैक!

ये आवाज़ें

अंतरिक्ष से आने वाले

संगीत जैसी लगती थीं.

नाविक यह जानकर हैरान रह गए

कि ये सारी आवाज़ें

व्हेलों ने निकाली थीं.



हंपबैक व्हेल सबसे

अजीब आवाज़ें निकालती हैं.

वे गाती हुई प्रतीत होती हैं.

हंपबैक व्हेल देखने में अजीब होती हैं.

उनके सिर उभारों (बम्प्स) से ढके होते हैं.

लेकिन वे जो गीत गाती हैं

वे बहुत सुंदर होते हैं.



वैज्ञानिकों ने हंपबैक व्हेल के

गीतों को रिकॉर्ड भी किया है.

इन गीतों का क्या अर्थ होता है?

वो अभी तक वैज्ञानिकों को भी

पक्का पता नहीं है.

सबसे सुंदर व्हेल

काली-सफ़ेद ओर्का होती हैं.

ओर्का के पास बलीन नहीं होती.

उसके असली दाँत होते हैं - काफी बड़े!

ओर्का बड़ी मछलियों का शिकार करती है.

वो सील का भी शिकार करती है.

वो दूसरी व्हेलों का भी शिकार करती है.

ओर्का को किलर-व्हेल भी कहा जाता है.

नाविक पहले उनसे डरते थे.

आज हम जानते हैं कि ओर्का
बहुत ही पालतू जीव बन सकती हैं.
ओर्का कई एक्वेरियम शो में स्टार होती हैं.
उन्हें दुलारना पसंद आता है.
उन्हें करतब दिखाना बहुत पसंद आता है.
ओर्का बहुत होशियार होते हैं.
कभी-कभी वे अपने करतब भी रचती हैं
और उन्हें अपने प्रशिक्षकों को सिखाती हैं.

ओर्का इंसानों का शिकार नहीं करती हैं.

लेकिन बहुत पुराने ज़माने से

लोग व्हेलों का शिकार करते रहे हैं.

क्यों?

लोग व्हेलों का ब्लबर चाहते थे.

ब्लबर एक तरह की मोटी चर्बी होती है.

उससे तेल बनाया जाता है.

सालों पहले व्हेल का तेल

दियों में जलाया जाता था.

लोग उससे अपने घरों को रोशन करते थे.

जहाज, व्हेल की तलाश में

कई महीने समुद्र में बिताते थे.

शिकारी सुदूर उत्तर के ठंडे समुद्रों में

व्हेलों की तलाश करते थे.

कभी-कभी उनके जहाज बर्फ में फंस जाते थे.

कुछ कभी जहाज वापस नहीं लौटते थे.

व्हेल का शिकार करना खतरनाक काम था.

जब उन्हें कोई व्हेल मिलती,

शिकारी छोटी नावों में उसका पीछा करते.

वे व्हेल की पीठ पर लंबे भाले

फेंकते, जिन्हें हार्पून कहा जाता है.

व्हेल भागने के लिए

कड़ा संघर्ष करती थीं.

एक डरी हुई व्हेल

नाव पलट सकती है!



शिकार में इतनी सारी व्हेल मारी गईं

कि अब बहुत कम व्हेलें ही बची हैं.

लोगों को व्हेलों को बचाने की चिंता होने लगी है.

व्हेलों की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं.

आज ज़्यादातर लोग जो व्हेलों का पीछा करते हैं

वे सिर्फ उन्हें देखने के लिए उनका पीछा करते हैं.

वैज्ञानिक व्हेलों का समुद्र में अध्ययन करते है

वे उनके जीवन के बारे में अधिक जानना चाहते हैं.

व्हेलों को देखना भी मज़ेदार होता है.

व्हेलें भी लोगों को देखना पसंद करती हैं.

वे नाव के आसपास देर तक

तैरती और खेलती रहती हैं.

अगर आप व्हेल देखने जाते हैं,

तो यह संभव है कि आप किसी व्हेल को

हवा में ऊँची छलांग लगाते हुए भी देखें.

व्हेलें क्यों कूदती हैं?

वो कोई नहीं जानता.

शायद वे इसलिए कूदती हैं क्योंकि

उन्हें व्हेल होना बहुत अच्छा लगता है!

**समाप्त**